केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)

भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग, बागसेवनिया, भोपाल - 462043

दिनाङ्क 05.08.2025

प्रतिवेदन

प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम 25 जुलाई 2025

मुख्यालय के पत्र क्रमांक F.No.28/CSU/DSW/Scheme /2025-26/152, दिनाङ्क 16.07.2025 एवं F.No.8-1/CSU/SW/2025/2025/116 दिनाङ्क 25.07.2025 के अनुसार भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षा हेतु छात्र-छात्राओं को शिक्षा ऋण प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना का विस्तृत विवरण छात्र छात्राओं को प्रदान करने के लिए दिनांक 25 जुलाई 2025 को भवभूति प्रेक्षागार में अपराह्न 4:00 बजे उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें छात्रों के उन्मुखीकरण हेतु स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, बाग मुगलिया शाखा के प्रबंधक, श्री राजेन्द्र दोगने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना उच्च शिक्षा को राष्ट्र के समस्त वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक अग्रणी कदम है।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे श्री राजेन्द्र दोगने ने समस्त छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के विभिन्न चरणों को विस्तार पूर्वक समझाया । उन्होंने इस योजना के द्वारा उच्च शिक्षा हेतु ऋण प्राप्त करने हेतु आवश्यक समस्त जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर के निदेशक प्रो रमाकांत पाण्डेय उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में समस्त छात्र-छात्रा, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा हेतु छात्र-छात्राओं को भारत सरकार द्वारा अत्यंत सरल एवं सुलभ तरीके से ऋण प्रदान किया जाता है, इस संदर्भ में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान करने हेतु बैनर लगाकर जागरूकता लाने का प्रयास किया

गया। सोशल मीडिया में तथा विभिन्न छात्र समूहों आदि में पोस्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के प्रचार प्रसार का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन श्री सुमित सक्सेना एवं डॉ अवनि शर्मा ने किया।

उच्च शिक्षा के लिए प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजनाः 25 जुलाई को भोपाल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

दैनिक भेल पॉवर

भोपाल। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भवभूति सभागार में शुक्रवार को प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योजना के तहत सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए सरल शर्तों पर शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बाग मुगलिया शाखा के प्रबंधक श्री राजेंद्र दोगने ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना से आर्थिक अभाव के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाने वाले मेधावी छात्रों को अब बेहतर अवसर मिलेंगे। विश्वविद्यालय परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पांडेय की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए बैनर और पोस्टर लगाए गए तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का संयोजन श्री सुमित सक्सेना और डॉ. अवनि शर्मा ने किया।

स्वदेश ज्योति

प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

उच्च शिक्षा अब समस्त वर्गों के छात्र छात्राओं के लिए सुलभ

स्वदेश ज्योति संवादाता, भोपाल

भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को शिक्षा ऋण प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना का विस्तृत विवरण छात्र-छात्राओं को प्रदान करने के लिए शुक्रवार को भवभूति प्रेक्षागार में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें छात्रों के उन्मुखीकरण हेतु स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया , बागमुगालिया शाखा के प्रबंधक राजेन्द्र दोगने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना उच्च शिक्षा को राष्ट्र के समस्त वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक अग्रणी कदम है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। राजेन्द्र दोगने ने समस्त छात्र-छात्राओं , प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के विभिन्न चरणों को विस्तार पूर्वक समझाया । उन्होंने इस योजना के द्वारा उच्च शिक्षा हेतु ऋण प्राप्त करने हेतु आवश्यक समस्त जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि संसाधनों के अभाव में बहुत से प्रतिभाशाली छात्र उच्च शिक्षा में नहीं आ पाते थे, परन्तु भारत सरकार की इस योजना के आने से अब सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं को आसानी से उच्च शिक्षा उपलब्ध हो रही है। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में समस्त छात्र-छात्रा, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा हेतु छात्र-छात्राओं को भारत सरकार द्वारा अत्यंत सरल एवं सुलभ तरीके से ऋण प्रदान किया जाता है, इस संदर्भ में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान करने के लिए बैनर लगाकर जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। सोशल मीडिया में तथा विभिन्न छात्र समूहों आदि में पोस्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के प्रचार प्रसार का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन सुमित सक्सेना एवं डॉ.अवनि शर्मा ने किया।

Bhopal Main Edition Edition
Jul 26, 2025 Page No. 5
Powered by: erelego.com

(प्रो.रमाकान्त पाण्डेय)
निदेशक